# कलेक्टर की प्राथमिकताओं को चुनौती !

## स्वास्थ्य सर्वोच्च एजेंडा होने के बावजूद लखनादौन के 'सत्तर हजारी' पर कार्यवाही नहीं, मामला बना प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक


**सिवनी नवभारत। जिला कलेक्टर नेहा मीणा द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसका उदाहरण लखनादौन सिविल अस्पताल में पदस्थ मलेरिया इंस्पेक्टर उमेश मसकोले का सरकारी ड्यूटी छोड़ निजी मोबाइल दुकान संचालन का मामला पर महीना के बाद भी कार्यवाही न करना कहीं ना कहीं विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं जिससेअब यह दर्शाने लगा है कि विभागीय स्तर पर जिला प्रशासन के निर्देशों और प्राथमिकताओं का कितना सम्मान किया जा रहा है।**











जब जिला कलेक्टर नेहा मीणि लगातार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने पर जोर दे रहे हैं, तब स्वास्थ्य विभाग के भीतर सामने आया यह मामला प्रशासनिक अनुशासन की वास्तविक स्थिति उजागर करता है। और इस मामले को लेकर लगातार नवभारत समाचार पत्र खबर प्रकाशित करने पर संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद भी और महीनों से मामला सुर्खियों में रहने, मीडिया में चर्चा होने और जनता द्वारा सवाल उठाए जाने के बावजूद यदि प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो यह धारणा मजबूत होती है कि विभागीय स्तर पर कलेक्टर के निर्देशों का भय और सम्मान कमजोर पड़ चुका है।

जनता में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि क्या स्वास्थ्य विभाग जिला कलेक्टर की प्राथमिकताओं को गंभीरता से नहीं ले रहा? यदि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा कर्मचारी सरकारी समय में निजी व्यापार करता है और विभागीय अधिकारी सफाई देने में अधिक सक्रिय दिखते हैं, तो यह न केवल सेवा शर्तों का उल्लंघन है बल्कि जिला प्रशासन की प्रशासनिक साख को भी चुनौती देता है।

लखनादौन से लेकर जिला मुख्यालय तक यह चर्चा है कि जब कलेक्टर की पहली प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य है, तब स्वास्थ्य विभाग की ऐसी लापरवाही आखिर क्यों जारी है? क्या विभागीय अधिकारियों को प्रशासनिक कार्रवाई का भय नहीं? क्या जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी जिला प्रशासन के निर्देशों को नजरअंदाज कर रहे हैं?

कार्यवाही न करने से जनता के बीच उठ रहे सवालों की चर्चाओं में कर्मचारियों के हौसले बुलंद

वही आश्चर्य इस बात का है कि अगर ऐसे कर्मचारियों के ऊपर विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है तो जिले में ऐसे कितने अधिकारी और कर्मचारी होगी जो इस तरह की हरकत करते होंगे और ऐसे अधिकारी पर आकर कार्रवाई नहीं कर रहा है तो निश्चित तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी के भी हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं जिसका उदाहरण ऐसे मलेरिया विभाग में पदस्थ कर्मचारी के हॉस्टल बुलंद और स्वास्थ्य विभाग को जिला कलेक्टर के निर्देशों का डर नहीं रहा?

क्या शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार की प्राथमिकताओं को विभागीय स्तर पर कमजोर किया जा रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता से सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है? क्या प्रशासनिक अनुशासन केवल बैठकों और कागजों तक सीमित रह गया है? यह मामला अब केवल एक कर्मचारी की लापरवाही नहीं, बल्कि जिले में स्वास्थ्य प्रशासन की जवाबदेही, अनुशासन और जिला कलेक्टर की प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन की वास्तविक परीक्षा बन गया है ।यदि स्वास्थ्य विभाग समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं करता, तो यह संदेश जाएगा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं के बावजूद विभागीय स्तर पर लापरवाही और मनमानी जारी रह सकती है। ऐसे में जनता की अपेक्षा है कि जिला कलेक्टर स्वयं मामले में हस्तक्षेप कर यह स्पष्ट करें कि शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी प्राथमिकताओं के साथ किसी भी स्तर पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**इनका कहना है**

नोटिस देकर वार्निंग दे दी गई है अगर दोबारा कर्मचारी लापरवाही करता है तो निश्चित तौर पर कार्रवाई कीजिए

**जयपाल सिंह ठाकुर, सीएमएचओ सिवनी**

# महिला कांग्रेस ने महिला आरक्षण के लिए प्रारंभ किया पोस्ट कार्ड अभियान

## प्रधानमंत्री को भेजे पोस्ट कार्ड में तत्काल महिला आरक्षण लागू करने का किया उल्लेख

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 5 मई, महिला आरक्षण नारी शक्तिवंदन अधिनियम पर लगातार झूठ बोल रही भाजपा की सरकार को आईना दिखाने और जनता तक सच्चाई पहुंचाने के लिए जिला महिला कांग्रेस ने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व प्रदेश महिला कांग्रेस के आव्हान पर पोस्ट कार्ड अभियान प्रारंभ किया है।**



जिसके तहत महिलाओं ने प्रधानमंत्री के नाम शहर के मु य डॉक घर से पोस्ट कार्ड पोस्ट किए हैं। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 2 महीने तक जिलेभर में चलेगा। हमारा लक्ष्य है कि लोकसभा व हर विधानसभा और शहर, गांव-गांव, कस्बों व मंजरे टोलों से 5 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड भेजेंगीं। पोस्ट कार्ड के जरिए मांग की जा रही है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को तत्काल लागू किया जाए। जुलाई माह में संसद का मानसून सत्र होना है। हमारी मांग है कि उसमें विशेष प्रस्ताव लाकर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। सबकी सहमति बनाकर 543 सीटों पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। इसमें किसी प्रकार की खानापूर्ति ना की जाए। अगर सरकार ने यह मांगें नहीं मानी तो महिला कांग्रेस जुलाई के उपरांत एक वृहद आंदोलन मातृशक्ति को आरक्षण दिलाने के लिए करेगी जिसकी स पूर्ण जवाबदारी सरकार की होगी। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पोस्ट कार्ड में उक्त मांगों को पूरा करने का आग्रह करते हुए छिन्दवाड़ा जिला मु यालय स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर के समक्ष स्थित मुख्य डॉक घर से समस्त पोस्ट कार्ड प्रधानमंत्री के नाम व पते पर पोस्ट किए हैं। इस दौरान जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी श्रीमती मंजू बैस सहित रानू डेहरिया, ममता चोखे, संतोषी गजभिये, आम्रपाली नरवरे, पूनम उइके, रेनू तिवारी, ज्योति डेहरिया, साक्षी चौबे, रजिया बाजी, शबनम खान, नूरी खान, शबाना यास्मीन खान सहित अन्य महिला कांग्रेस नेत्रियां उपस्थित रही।

# अंतरराष्ट्रीय कंपनी में कैरियर बनाने का बड़ा व सुनहरा अवसर

## कमलनाथ व नकुलनाथ प्रयासों से आईटी सेक्टर में खुले रोजगार के अवसर

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 5 मई, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के अथक व सतत प्रयासों से जिले के शिक्षित व योग्य युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। राष्ट्रीय व बहूराष्ट्रीय क पनियों के द्वारा साक्षात्कार लेकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की सार्थक पहल की जा रही है।**





इसी कड़ी में इस बार कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से जिले के युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में रोजगार के अवसर आए हैं। कमलनाथ और नकुलनाथ के प्रयासों से एनआईआईटी फाउंडेशन छिंदवाड़ा के द्वारा जिले के युवाओं के लिए विप्रो टेक्नॉलाजी के साथ विशेष आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आईटी सेक्टर में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इसमें शामिल होने के लिए युवाओं के पास नियमित स्नातक डिग्री बीएससी (पीसीएम/आईटी/सीएस), बी.कॉम या बीसीए में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। यह अवसर विशेष रूप से 2025 एवं 2026 पास आॅट के लिए है। उपरोक्त योग्यता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए दस्तावेज़ सत्यापन 5 मई से 9 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक राज्यपाल चौक स्थित एनआईआईटी फॉउंडेशन सेन्टर छिन्दवाड़ा में किया जाएगा। युवाओं का चयन उनके साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 9 मई है।

### एक नजर में

## प्रकृति प्रेमियों ने लगाये सकोरे




**सिवनी।** लगातार कट रहे जंगल वृक्ष के कारण लगातार पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है जिसके चलते गर्मी में लोगों को असहनीय गर्मी कासामना करना पड़ रहा है वहीं पशु पक्षी भोजन एवं पानी के लिए भटक रहे हैं इस बात को पर्यावरण प्रेमी यदुराज उईके ने गम्भीरता से लेते हुए कहा कि अब समय आगया है कि इस पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जागरुक होना पड़ेगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी में प्याऊ, प्रारम्भ किया गया। वहीं पक्षियों के पानी के लिए सकोरे टांगें गये इस पर अवसर पर प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे अकीला खान , फरजाना खान शिववेदी सहित छात्र तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति भीड़ व प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध

**सिवनी।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सुश्री सुनीता खंडायत द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय परिसर में कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिना पूर्व अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परिसर में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, जुलूस या रैली निकालने तथा बिना अनुमति ज्ञापन देने हेतु प्रवेश करना भी पूर्णत: वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा या अन्य किसी प्रकार के हथियार लेकर परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। ज्ञापन प्रस्तुत करने के इच्छुक व्यक्तियों को पूर्व सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिवनी को देना अनिवार्य होगा। यदि किसी को ज्ञापन देने की अनुमति प्रदान की जाती है, तो समूह में से केवल एक अधिकृत प्रतिनिधि ही कार्यालय में प्रवेश करेगा तथा संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी के मार्गदर्शन में ज्ञापन प्रस्तुत करेगा। ज्ञापन प्राप्ति कार्यालय के भीतर अथवा बाहर, संबंधित अधिकारी के विवेकानुसार की जाएगी। इसके अतिरिक्त, परिसर में किसी भी प्रकार के भड़काऊ नारे, सामाजिक वैमनस्यता फैलाने वाले कथन या किसी व्यक्ति विशेष की मानहानि करने वाले वक्तव्य पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। सभी ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय में कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में स्वीकार किए जाएंगे।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर में 175 शिकायतों का किया निराकरण

**छिंदवाड़ा।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 175 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से सभी 175 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 118, बिल संबंधी 34, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और 05 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 175 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 175 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 118, बिल संबंधी 34, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और अन्य श्रेणी की 05 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## कैलीपर्स प्रदाय शिविर का आयोजन एवं घंसौर में 07 को

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में एडिप योजना अंतर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन के लिए ऑन द स्पॉट कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) के लिए चिन्हांकन सह वितरण शिविर का आयोजन एस.आर.ट्रस्ट रतलाम के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण उपरांत चिन्हांकित कर शिविर स्थल पर ही कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) बनाकर प्रदान किया जावेगा। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी सिवनी ने बताया कि 05 मई को जनपद पंचायत कुरई में आयोजित शिविर में कुल 28 अस्थिबाधित दिव्यांगजन लाभान्वित हुये। इसी क्रम में जनपद पंचायत बरघाट 06 मई एवं जनपद पंचायत घंसौर 07 मई को अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेगे।

# लोकायुक्त जांच में घंसौर की नयेगांव पंचायत

**घंसौर नवभारत। जनपद पंचायत घंसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत नयेगांव में कथित भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। शिकायतकर्ताओं द्वारा मंत्रालय भोपाल तक की गई शिकायत के बाद लोकायुक्त जबलपुर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर विभिन्न निर्माण कार्यों और दस्तावेजों की जांच कर रही है।**

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रोजगार सहायक प्रवेश ठाकुर ने सरपंच और अपने करीबी लोगों के खातों में राशि ट्रांसफर कर लाखों रुपए का फर्जी भुगतान किया। खेत तालाब निर्माण जैसे कार्यों में हितग्राहियों की जानकारी के बिना राशि निकाले जाने की बात सामने आई है।

**फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप उजागर, जेसीबी के उपयोग का आरोप**




### मनरेगा कार्यों में नियमों की अनदेखी

मालटोरिया गंगई में खेल मैदान निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन के उपयोग का आरोप है, जबकि मनरेगा में मशीनों के उपयोग पर प्रतिबंध है। आरोप है कि कम कार्य कर अधिक भुगतान निकाला गया। खेर माई परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण में गुणवत्ता की कमी और तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप कार्य न होने की शिकायत है। कई कार्यों में खसरा नक्शा और निर्माण स्थल में अंतर बताया गया है। वहीं बाबा टोला से शांति धाम तक सीसी रोड निर्माण में फर्जीवाड़े के आरोप हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पहले से बनी सड़क पर दोबारा राशि निकाल ली गई।





**प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल**

पंचायत कार्यालय के नियमित रूप से बंद रहने और रिकॉर्ड के अभाव की बात भी सामने आई है। पूर्व में जनपद स्तर की जांच में आरोपियों को क्लीन चिट दिए जाने पर शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाए हैं। लोकायुक्त की जांच से अब ग्रामीणों को निष्पक्ष कार्यवाही की उम्मीद है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही हो सकती है।

**मजदूरी और भुगतान में गड़बड़ी**

फर्जी हाजिरी, मजदूरों के खातों से जबरन राशि निकासी और रिश्वत मांगने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं। पीएम आवास योजना में भी मजदूरी भुगतान में अनियमितता की शिकायत की गई है।

**श्रद्धांजलि** | दल सागर चौपाटी पर उमड़ा जनसैलाब, दीप प्रज्वलन व मौन से दी गई श्रद्धांजलि, कौमी एकता कमेटी के आह्वान पर शहर ने दिखाई एकजुटता

# बरगी डैम क्रू हादसे के दिवंगतों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**सिवनी नवभारत। बरगी डैम क्रूज हादसे में असमय काल के गाल में समाए लोगों को सिवनी में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दल सागर चौपाटी पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दीप प्रज्वलन व कैंडल जलाकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। दो मिनट का मौन रखकर सामूहिक प्रार्थना की गई, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं से भर गया। यह आयोजन मानवता, संवेदना और एकजुटता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।**




विगत दिनों बरगी डैम में हुई हृदय विदारक क्रूज दुर्घटना से उपजे शोक के माहौल के बीच सोमवार शाम सिवनी के दल सागर चौपाटी पर कौमी एकता कमेटी के तत्वावधान में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जहां सभी ने नम आंखों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से मोमबत्तियां (कैंडल) जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। चौपाटी परिसर सैकड़ों टिमटिमाते दीपों और कैंडलों की रोशनी से आलोकित हो उठा, जिसने पूरे वातावरण को अत्यंत भावुक और श्रद्धामयी बना दिया। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर कौमी एकता कमेटी के संरक्षक परवेज गोल्डी अंसारी, अध्यक्ष असलम बाबा, उपाध्यक्ष डॉ. के.सी. मेश्राम, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक छीद्धि लाल श्रीवास, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी देवराज डेहरिया, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राम राजेश डेहरिया, सचिव विनोद यादव, प्रवक्ता के.के. यादव, सदस्य प्रहलाद बघेल, कोमल गढ़पाल, साबिर खान सहित संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दैनिक संवाद कुंज की प्रमुख मंजुला कौशल, सिंधु हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सिद्धू इसके साथ ही गूंज संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान, श्रमजीवी पत्रकार संघ केवलारी के अध्यक्ष रफीक खान, रामनरेश दुबे, गोपाल भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, फैयाज खान सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा मातृशक्ति संगठन की बहनों, श्रीमती ऋतु श्रीवास्तव सहित सैकड़ों नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी व्यापक एवं भावनात्मक स्वरूप प्रदान किया। हर चेहरे पर शोक और संवेदना झलक रही थी, वहीं एकजुटता की भावना भी स्पष्ट दिखाई दी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह श्रद्धांजलि सभा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता, करुणा और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे समय में जब पूरा समाज एक साथ खड़ा होता है, तो यह पीड़ित परिवारों को मानसिक संबल प्रदान करता है और मानवता के मूल्यों को सशक्त बनाता है। इस श्रद्धांजलि सभा ने यह साबित कर दिया कि सिवनी हर दुख की घड़ी में एकजुट होकर खड़ा रहता है और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करता है।

# जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता : मुख्य मुकाबले छिंदवाड़ा एवं कोलांचल के मध्य

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 5 मई, जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में किया जा रहा है आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर आईएफएस साहिल गर्ग डीएफओ विशेष रूप से उपस्थित थे जिन्होंने खिलाड़ियों को खेल स्तर में सुधार करने के टिप्स देते हुए अग्रिम स्पर्धा की शुभकामनाएं दी।**




डीएसओ खेल विभाग के. के. चौरसिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की जानकारी प्रदान की जिसमें मुख्य मुकाबले छिंदवाड़ा एवं कोयलांचल के मध्य खेले जा रहे है जिसमें खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से तराशा जा रहा है, प्रतियोगिता के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि 5 मई को कुल 46 मैच खेले गए, जिसमें अमरवाड़ा के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, इस अवसर पर बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी सचिव जावेद खान ने बताया कि 6 मई को शाम 4 बजे से डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें उत्साह वर्धन हेतु रिटायर्ड डब्ल्यूसीएल मदन सिंह चंदेल,अमित सोनी, कैफ़ी गर्ग, मेघा मिगलानी उपस्थित रहे। स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि जिले भर के 11,13,15,17,19 वर्ष बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्पर्धा भारतीय बैडमिंटन संघ के नियमानुसार खेली जा रही है जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है, आज 6 मई को प्रतियोगिता के तीसरे चक्र के मैच व डबल्स के सेमीफाइनल खेले जाएंगे, निर्णायक एवं चयनकर्ता के रूप में जावेद खान , विनय सिंह चंदेल, अतीकेश मेहता, अमित सोनी, रत्नेश दुबे, अंकुर खतरे, अथर्व गुप्ता , महिमा यादव, लक्ष्मी मार्को, पार्थ चौकसे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।